# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला छतरपुर (म.प्र.)

क्रमांक./स्था.3/प्रा.शि.खेल/नियु./2026/5531 छतरपुर, दिनांक– 04/07/26

## //आदेश//

मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्ते एवं भर्ती नियम 2018 एवं समय–समय पर संशोधित भर्ती नियम के नियम 5 (4) (क) के अनुसार कर्मचारी चयन मंडल ,मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा प्राथमिक शिक्षक (खेल) पद हेतु आयोजित शिक्षक चयन परीक्षा 2024 के परिणाम के आधार पर जारी चयन सूची के निम्नांकित अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक (खेल) के पद में उनके नाम के समक्ष अंकित विद्यालय में निम्नानुसार पदस्थ किया जाता है:–

| SN | ROLL NO | RANK | NAME AND F/H NAME | ADDRESS | CATEGORY | ORIGINAL CATEGORY | POSTING PLACE | DISTRICT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6002250669644 | 6 | NANDINI NAYAK F/H Name- RAMSWAROOP NAYAK | DERI ROAD JYOTI ENGLISH SCHOOL KE PASS CHHATARPUR CHHATARPUR CHHATARPUR CHT MADHYA PRADESH 471001 | EWS | EWS/X/OP | DISE-23090529434 GHSS EXCELLENCE NO 1 CHP(6 to 12) | Chhatarpur |
| 2 | 6004250652113 | 71 | SHUBHI BHATT F/H Name- AKSHAY | 41 TEKRI SARKAR MANDIR KE PASS PICHHORE PICHHORE SVP MADHYA PRADESH 473995 | OBC | OBC/X/OP | DISE-23090816505 PMShri-GHSS BASARI(1 to 12) | Chhatarpur |
| 3 | 6002250747511 | 290 | YOGENDRA PRATAP SINGH F/H Name- HARPAL SINGH | 187 LAVKUSHNAGAR WARD NO 01 VIDHAYAK COLONY LAVKUSHNAGAR CHT MADHYA PRADESH 471515 | SC | SC/X/OP | DISE-23090605723 GOVT SANDIPANI HSS CHANDLA | Chhatarpur |
| 4 | 6010250694913 | 316 | NEETU YADAV F/H Name- JANATA YADAV | 107 UBARPUR LAKHAMIPUR LALGANJ AZAMGARH AZAMGARH UTTAR PRADESH 276202 | UR | UR/X/OP | DISE-23090529438 GOVT SANDIPANI HSS CHHATARPUR | Chhatarpur |
| 5 | 6010250711193 | 394 | SATYENDRA KUMAR F/H Name- SHIV PRASAD | NA VILL DHURAYEE DHURAYEE RAE BARELI RAEBARELI UTTAR PRADESH 229209 | UR | UR/X/OP | DISE-23090409415 GOVT SANDIPANI HSS BARIGARH | Chhatarpur |
| 6 | 6003250662232 | 507 | RAM BAHADUR SINGH F/H Name- PHOOL SINGH | 0 VILLAGE KHANUVAN POST KHANUA JALAUN JALAUN UTTAR PRADESH 285205 | UR | UR/X/OP | DISE-23090704872 GOVT SANDIPANI HSS NOWGONG | Chhatarpur |
| 7 | 6003250723319 | 508 | SHYAM SUNDRA SINGH F/H Name- GAJRAJ SINGH | NA SIWARA KHAS SIWARA KHAS KAIMGANJ FARRUKHABAD UTTAR PRADESH 207505 | UR | UR/X/OP | DISE-23090702108 PMShri-GHSS TATAM(6 to 12) | Chhatarpur |
| 8 | 6003250634430 | 511 | VIVEK KUMAR F/H Name- VIRENDRA SINGH YADAV | VILL NAGLA POORAN POST KHINMINI DIST FARRUKHABAD KAYAIMGANJ FARRUKHABAD UTTAR PRADESH 209504 | UR | UR/X/OP | DISE-23090300230 GOVT SANDIPANI HSS BIJAWAR | Chhatarpur |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6002250631036 | 524 | JYOTI GAUR F/H Name- MADHO SINGH GAUR | 589 SETHI KA BAGICHA NEHRU COLONY SEHORE SEHORE SEHORE SEH MADHYA PRADESH 466001 | OBC | OBC/X/OP | DISE-23090308411 PMShri-GHSS GULGANJ(1 to 12) | Chhatarpur |
| 10 | 6002250793895 | 544 | ADARSH GUPTA F/H Name- ARVIND KUMAR GUPTA | 41 RAJENDRA NAGAR KARMER ROAD ORAI JALAUN UTTAR PRADESH 285001 | UR | UR/X/OP | DISE-23090101820 GHSS BOYS BADAMALEHRA(6 to 12) | Chhatarpur |
| 11 | 6002250701426 | 573 | SOHAN MALVIYA F/H Name- KAMAL KISHOR MALVIYA | H N 165 KESLA POST KESLA BLOCK KESLA ITARSI HBD MADHYA PRADESH 461111 | OBC | GF/OBC/X/O | DISE-23090204705 PMShri-GHSS DARGUWA(1 to 12) | Chhatarpur |
| 12 | 6003250657199 | 585 | HAKIM SINGH F/H Name- BRIJ KISHOR | 22 VILLAGE LADAWARA POST LADAWARA TEHSIL MOTH JHANSI UTTAR PRADESH 284303 | UR | UR/X/OP | DISE-23090805104 PMShri-GHSS GHOORA(6 to 12) | Chhatarpur |
| 13 | 6010250692413 | 587 | HARISH CHANDRA F/H Name- VIJAY RAJ | NA MIYANCHAK POST SULTANPUR GHUGHURI SHAHGANJ JAUNPUR UTTAR PRADESH 223103 | UR | UR/X/OP | DISE-23090809422 GOVT SANDIPANI HSS RAJNAGAR | Chhatarpur |
| 14 | 6004250668504 | 901 | PRIYANKA CHOUDHRI F/H Name- JALIPRASAD | OFFICER COLONY MALTHONE MALTHONE MALTHONE SAG MADHYA PRADESH 470441 | SC | SC/X/F | DISE-23090206710 PMShri-GHSS BAJNA(1 to 12) | Chhatarpur |
| 15 | 6009250728548 | 950 | RAJENDRA AHIRWAR F/H Name- DALU AHIRWAR | WARD NO 14 GRAM JANAKPUR POST DHAJRAI JANAKPUR TIKAMGARH TKG MADHYA PRADESH 472001 | SC | SC/X/OP | DISE-23090101824 GOVT SANDIPANI HSS BADAMALEHRA | Chhatarpur |
| 16 | 6005250659773 | 969 | PRADEEP KUMAR SONI F/H Name- RAMJI LAL SONI | 29 GRAM SUJANPURA DAN POST LUHARI TEHSIL PATERA DAM MADHYA PRADESH 470775 | OBC | GF/OBC/XOP | DISE-23090202320 GOVT SANDIPANI HSS BUXWAHA | Chhatarpur |
| 17 | 6003250657988 | 991 | PHOOL CHANDRA AHIRWAR F/H Name- RAM DAYAL | PANCHAMPURA VILLAGE ASATI NIWARI NIWARI NIW MADHYA PRADESH 472442 | SC | GF/SC/XOP | DISE-23090402609 PMShri-GHSS GAURIHAR(6 to 12) | Chhatarpur |
| 18 | 6009250805769 | 1014 | NEETA LARIYA F/H Name- SOURABH KORI | 299 MACHHARYAI SANT KAVIR WARD SAGAR SAG MADHYA PRADESH 470002 | SC | SC/X/OP | DISE-23090202316 PMShri-GHSS GIRLS BUXWAHA(6 to 12) | Chhatarpur |

2/ उपरोक्त नियुक्ति वेतनमान पी.बी.–2 (छटवां वेतनमान 5200–20200 +2400 ग्रेड पे) का मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम–2017 के अंतर्गत मैट्रिक्स में लेवल–6 में तत्स्थानी वेतनमान 25300–80500 के न्यूनतम वेतन रुपये 25300/– + अन्य भत्ते जो शासन द्वारा समय–समय पर देय हैं, के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन क्रमांक–सी–3–13/2019/3/एक दिनांक 12.12.2019 के बिंदु क्र. (ब) के अनुक्रम में राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम, 2018 के संशोधित नियम 13(राजपत्र दिनांक 24 दिसंबर 2019) अनुसार वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत,

तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगी। परिवीक्षा अवधि (3 वर्ष) सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उक्त वेतनमान में न्यूनतम वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जाएगा।

3/ यह नियुक्ति अस्थायी रूप से तीन वर्ष की परिवीक्षा पर की जाती है। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने पर राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम 2018 के संशोधित नियम 13 के तहत कार्यवाही की जा सकेगी। परिवीक्षा अवधि में स्थानांतरण से संबंधित किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

4/ संबंधित चयनित अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–5/एक/05/नि/चार दिनांक 02.04.2005 के अनुसार दिनांक 01.01.2005 के पश्चात मध्यप्रदेश शासन के अधीन सिविल सेवा अथवा सिविल पदों पर नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ–9/3/03/नियम/चार दिनांक 13.04.2005 के प्रावधान अनुसार परिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू होगी।

5/ संबंधित अभ्यर्थी को दिनांक 7 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2026 के मध्य पदस्थापना स्थल पर उपस्थिति देनी होगी। माध्यमिक शिक्षक पद पर उपस्थिति के समय संबंधित अभ्यर्थी को निम्नानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें। समस्त अभ्यर्थी आवश्यक समस्त अभिलेखों की मूल प्रति एवं उसकी 3 स्वप्रमाणित प्रतियों के सेट साथ में लायेंगें। अभिलेखों का सत्यापन मूल दस्तावेज से जिला शिक्षा अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष कराएंगें। दस्तांवेजो की सूची निम्नानुसार है:–

I. नियुक्ति आदेश
II. पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, ई–मेल एड्रेस
III. जाति प्रमाण पत्र (सक्षम स्तर से जारी किया हुआ नवीनतम अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र )
IV. आर्थिक रूप से कमजोर प्रवर्ग (E.W.S. ) के अभ्यर्थियों लिए ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र
V. मूल निवासी प्रमाण पत्र
VI. स्थायी निःशक्तता/दिव्यांगता का प्रमाण पत्र–न्यूनतम 40 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता का मेडिकल बोर्ड का वैध प्रमाणपत्र (जिन अभ्यर्थियों की नियुक्ति दिव्यांग श्रेणी में हुई है)
VII. अतिथि शिक्षक अनुभव प्रमाणपत्र (जिन अभ्यर्थियों की नियुक्ति अतिथि शिक्षक के अनुभव प्रमाणपत्र के आधार पर हुई है )
VIII. शासकीय सेवक की स्थिति में विभागीय अनुमति (NOC) अथवा विभागीय अनुमति न होने की स्थिति में संबंधित विभाग को प्रस्तुत सेवा से त्यागपत्र की पावती प्रति
IX. अभ्यर्थी के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता संबंधी दस्तावेज।
X. भूतपूर्व सैनिक की दशा में वैध प्रमाणपत्र।
XI. बोनस प्राप्त करने की स्थिति में NCC का Cप्रमाणपत्र
XII. कर्मचारी चयन मंडल द्वारा जारी पात्रता परीक्षा एवं चयन परीक्षा की अंकसूची
XIII. अन्य पिछडा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए क्रीमीलेयर में नही आने संबंधी घोषणा (परिशिष्ट– 1)
XIV. संलग्न शपथ पत्र नोटराइज्ड (परिशिष्ट– 2)

6/ बिन्दु 5 में उल्लेखित दस्तावेजो के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षण उपरांत पात्र पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी को पदस्थापना स्थल पर पदभार ग्रहण करने की अनुमति प्रदान की जायेगी। नियुक्ति आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाणपत्र (पुलिस वेरीफिकेशन) भी प्रस्तुत करना होगा।

7/ यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं इसे किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर या उसके बदले में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर समाप्त की जा सकेगी। नोटिस दिए जाने के पहले या बाद में यदि अभ्यर्थी अपने कार्य से बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहेंगे तो यह माना जावेगा कि उन्होंने अनुपस्थिति की तिथि से बिना नोटिस दिये सेवा छोड़ दी है, ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को एक माह का अथवा नोटिस की अवधि में जितनी अवधि कम होगी, उतनी अवधि का वेतन तथा भत्तों का भुगतान करना होगा।

8/ परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि विषय मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 एवं मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्ते एवं भर्ती नियम 2018 के प्रावधानों के अंतर्गत शासित होंगे तथा वरिष्ठता का निर्धारण विभाग द्वारा नियुक्ति हेतु निर्धारित किये गये मापदंडों के अनुसार किया जावेगा।

9/ परिवीक्षा अवधि के संबंध में भर्ती नियम 2018 के नियम 13 के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। अनाधिकृत अनुपस्थिति की स्थिति मे सेवाये समाप्त की जा सकेगी।

**विशेष टीपः— यदि चरित्र /जाति/निःशक्तता/शैक्षणिक योग्यता/शपथपत्र इत्यादि दस्तावेज सत्यापन की रिपोर्ट में गलत या असत्य पाये जाते हैं अथवा अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र भविष्य में कभी भी फर्जी अथवा असत्य पाये जाते हैं तो संबंधित की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जावेगी।**

(कौशल सिंह)
डिप्टी कलेक्टर
एवं जिला शिक्षा अधिकारी
जिला—छतरपुर (म.प्र.)

पृ. कमांक./स्था.3/प्रा.शि.खेल/नियु./2026/5532 छतरपुर, दिनांक— 04/07/2026

प्रतिलिपिः—

1. विशेष सहायक,माननीय स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल ।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
3. सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
4. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश।
5. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र ।
6. महालेखाकार, म.प्र. ग्वालियर ।
7. संभागायुक्त सागर संभाग मध्यप्रदेश ।
8. संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग सागर मध्यप्रदेश।
9. कलेक्टर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश ।
10. संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी .जिला छतरपुर म.प्र. की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले में पदांकित संबंधित सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं पदांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का मूल अभिलेखों से मिलान कर संतुष्ट होने पर ही पदांकित संस्था में पदभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित करें। दस्तावेज सत्यापन अथवा अभ्यर्थी की योग्यता/पात्रता के संबंध में कोई विसंगति पाए जाने पर संचालनालय को तत्काल सूचित कर मार्गदर्शन प्राप्त करें।
11. जिला कोषालय अधिकारी, जिला छतरपुर म.प्र ।
12. संबंधित संकुल प्राचार्य शासकीय उ.मा.वि/हाईस्कूल जिला छतरपुर मध्यप्रदेश।
13. चयनित अभ्यर्थियों को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त नियुक्ति आदेश में विहित शर्तों से सहमत होने की दशा में पदांकित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (म.प्र.) को दिनांक 7 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2026 के मध्य अपनी उपस्थिति देवें।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला—छतरपुर (म.प्र.)

## अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं..................................................विभाग में........................शिक्षक पद पर नियुक्ति के संबंध में निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूँ।

(1) मैं..........................पुत्र/पुत्रीश्री.......................निवासीग्राम/कस्वा/शहर.............जिला ..........मध्यप्रदेश का/की मूल निवासी हूँ। यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं...........जाति का/की सदस्य हूँ जो शासन द्वारा शासकीय सेवा में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आरक्षण के लिए अधिसूचित है।

(2) मैं शपथ पूर्वक यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अद्यतन परिपत्र में निर्धारित मापदण्डों के अनुसार, मैं सम्पन्न वर्ग अर्थात क्रीमीलेयर की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आता/आती हूँ। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मेरा जाति प्रमाण-पत्र एवं वर्ष 2021-22 का आय प्रमाण पत्र संलग्न है।

दिनांक.......................

हस्ताक्षर.......................

नाम............................

रोल नम्बर..................

:: शपथ पत्र::

फोटो

मैं.......................................आयु..............पुत्र/पुत्री/पत्नी....................................................निवासी.....................................................
शपथपूर्वक कथन करता/करती हूं-

1. यह कि मेरा चयन.................................................................पद पर हुआ है।
2. यह कि मेरा चरित्र उत्तम है ।
3. यह कि मुझे आज दिनांक तक कभी भी किसी भी आपराधिक मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है।
4. यह कि मुझ पर आज दिनांक तक किसी भी पुलिस थाने या न्यायालय में भारतीय दण्ड संहिता अथवा अन्य किसी विधि के अधीन किसी भी प्रकार का कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ है और न ही ऐसा कोई मामला लंबित है।
5. यह कि आज दिनांक तक मुझे किसी भी अपराध के लिये न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है और न ही शासकीय सेवा में चयन हेतु वर्जित किया गया है।
6. यह कि आज दिनांक तक मुझे किसी भी विश्वविद्यालय या किसी भी अन्य शैक्षणिक प्राधिकरण / संस्था द्वारा किसी भी परीक्षा में बैठने से वर्जित नहीं किया गया है और न ही निष्कासित किया गया है।
7. यह कि मैने भर्ती प्रक्रिया में जो भी जानकारियां दी है एवं जो दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं वे पूर्णतः सही एवं सत्य है।
8. यह कि यदि मेरे द्वारा जो जानकारियां दी गई है और जो दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है यदि उनमें कोई भी जानकारी/दस्तावेज असत्य पाये जाते हैं तो मेरी सेवा तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध असत्य शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के लिए भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा सकेगा जोकि मुझे स्वीकार एवं मान्य होगा।
9. यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि यदि मेरा नियुक्ति आदेश चरित्र सत्यापन की प्रत्याशा में जारी किया जाता है और यदि चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने पर मुझे शासकीय सेवा के अयोग्य पाया जाता है तो मेरी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
10. यह कि मेरी दो से अधिक जीवित संतान में किसी का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात नहीं हुआ है।
11. मैं अविवाहित हूँ / मैंने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह नहीं किया है।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता...........................................................सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ-पत्र की कंडिका क्रमांक 1 लगायत 11 में दी गई समस्त जानकारियां मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णत: सत्य एवं सही है, जिनका सत्यापन आज दिनांक................. को स्थान .................. में किया गया है।

शपथग्रहिता